RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 | अंक : 151 | 31, जनवरी 2018 | मूल्य : 20/-

## जोधपुर रातानाड़ा स्थित माली समाज कृष्ण मंदिर की मनोरम झांकी



बड़ा रामद्वारा के
महंत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने किया
माली सैनी संदेश-2018 कुलदेवियों
के कलैण्डर का लोकार्पण

# जोधपुर व किशनगढ़ में आयोजित सामूहिक विवाह की झलकियाँ






















RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :13 ● अंक 151 ● 31, जनवरी, 2018 ● मूल्य : 20/- प्रति ●

**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित होने वाले मुख्य आयोजन

### राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा

**प्रदेश स्तरीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन**

दिनांक : रविवार, 11 फरवरी, 2018

स्थान : महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय संस्थान 3, सेक्टर, विद्याधर नगर जयपुर






# समाज का इतिहास . . .



**( समाज के सभी वर्गो के निवेदन पर माली समाज के इतिहास की संपूर्ण जानकारी - पार्ट 9)**

## चन्देल

'चन्देल' शब्द चन्द्र और ऐल शब्दों के योग से बना है जिससे अर्थ होता है चंद्र का वंशज अर्थात् चंद्रवंशी। इसकी पुष्टि परमादिदेव चंदेल के बटेश्वर के शिलालेख से होती है। वि.स. 1243 के रेवाधा क्षेत्र के खुलवाणा गांव के शिलालेख से ज्ञात होता है कि चंदेल शाशिहर वंशी थी। बटेश्वर के शिलालेख से ज्ञात होता है कि विश्व के उत्पत्तिकर्ता पुराण पुरूष से मरीचि, मरीचि से अत्रि और अत्रि से चन्द्रत्रेय हुआ। चन्द्रात्रेय के वंश में नृप नन्नुक (ई.सनृ 831–847) पैदा हुआ जो चन्देल वंष का प्रथम शासक था ˙ चन्देलों ने प्रारम्भ में जिन क्षेत्रों पर अपना शासन स्थापित किया, उन्हें उनके अभिलेखों में 'जेजाभुक्ति' कहा गया है। इस क्षेत्र का नाम इस वंश के तीसरे राजा जयशक्ति यया जेज्जा के नाम पर पड़ा जो आगे चलकर बुन्देलखण्ड कहलाया। यह क्षेत्र यमुना नदी के दक्षिण पश्चिमी भाग में बेतवा तथा पूर्व मं टोस तक तथा दक्षिण में नर्मदा के किनारे कैसूर की पहाड़ियों तक विस्तृत था। जेजाभुक्ति के शासक प्रतिहार साम्राज्य के अधीन सामन्ती राजा थे। चन्देलों का राज्य विद्याधर (1018–1029) तक चला। बाद में महमूद गजनवी के आक्रमणों के कारण यह राज्य शक्तिहीन हो गया। आगे चलकर ई. सन् 1022–1202 में मुहम्मद गौरी के कुतुबुदीन और इल्तुमिश नामक गुलामों नें चन्देलों का राज्य नष्ट कर दिया। उस समय वहाँ का शासक परमर्दिन था। चन्द्रेल तब बिखर गये और अलग–अलग स्थानों पर जा बसे। चन्देलों का मूल निवास मध्यप्रदेश में था। लेकिन ये शेखवाटी क्षेत्र में बारहवीं सदी में चले आये। शेखावटी के रेवासा क्षेत्र मं तेहरवी सदी में चन्देलों के शासन का प्रमाण मिलता है। चन्देलों से रेवासा और खोह (रघुनाथगढ़) का रात्य रायमल शेखावत ने वि.सं. 1625 के लगभग छीन लिया था।

अयोध्या के निकट गौड़ क्षेत्र के क्षत्रिय गौड़ कहलाये। मध्यकाल में ये राजस्थान में चले आये। गौड़ अपने को चन्द्रवंशी मानते है। अब ये अजमेर व नागौर जिले में जयादा बसे हैं। **इनकी खांपें मारोठिया और अजमेरा आदि है ।**

## दहिया

'पृथ्वीराज रासो' में इन्हें दधिष्ट लिख गया है। सिकन्दर के समय (ई.पूर्व 327) पंजाब में समलज नदी के किनारे बसे हुए 'द्राहिक' ही दहिया कहलाते हैं। इस गणराज्य के लोग मालवों, अर्जुनायननों ओर यौधेयों की भाँति पंजाब से दक्षिण में चले गए। दहियों का पुराना वास नासिक त्रिबक (महाराष्ट्र) के पास गोदावरी नदी के निकट थालनेरगढ़ था। बाद में ये लोग नागौर जिला के परबतसर, मारोठ तथा जालोर जिला में जा कर बस गये। इनके वहाँ किणसरिया शिलालेख वि.सं. 1056 व 1272 के मिले है । जालोर का किला दहियों ने बनवाया था। दहियों से जालोर का यह किला वहां पर नाडोल परमारों ने छीना था। सांचौर पर भी दहियों का राज्य था लेकिन बाद में वहां पर नाडोल के चौहानों का कब्जा हो गया ।

**क्रमश :........**

# माली जाति की उत्पति ...

**इतिहासविद्**
**स्व. श्री सुखबीर सिंह गहलोत के ग्रंथ राजस्थान का माली सैनी समाज से साभार.....**



मनीष गहलोत

# माली समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह

## 500 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर मंथन

भीनमाल। शहर के क्षेमंकरी माता मंदिर तलहटी माली समाज भवन में रविार को संत श्रीलिखमीदास सेवा संस्थान के तत्वावधान में माली समाज का 14 वां जिला स्तरीय प्रतिभा व प्रबुद्धजन सम्मान समारोह हुआ।

समारोह में समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक कुरीतियों को मिटाने, समाज उत्थान व विकास को लेकर विचार–मंथन हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) प्रेमचंद सांखला ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में किसी भी कार्य को चुनौती के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज में शिक्षा के मंदिरों व छात्रावास के निर्माण की आवश्यकता है। जिससे युवाओं का भविष्य स्वर्णिम हो सके। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जीवन में कोई भी कार्य सकारात्मक सोच के साथ करना होगा। ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही आगे का भविष्य तय करता है। उन्होंने युवाओं को फैशन व व्यसन से दूर रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि समारोह सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य निर्माण करें, तभी कार्यक्रम की सार्थकता होगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसकी शिक्षा व संस्कारों पर निर्भर करती है।



तहसीलदार विशनाराम देवड़ा ने कहा कि विद्यार्थियों को सफलता के लिए जीवन में निराश नहीं होना चाहिए। निरन्तर प्रयास करने पर सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन उन्हें मार्गदर्शन करने की महत्ती आवश्यकता है। संत श्रीलिखमीदास सेवा संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान समाज में प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी ने कहा कि अभिभावक विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कारों का भी बीजारोपण करे। उन्होने कहा कि अभिभावक बच्चों के साथ मित्रवत् व्यवहार रखे, उसके साथ ही उस पर नजर भी रखे। उन्होंने कहा कि समाज के संपन्न वर्ग समाज के पिछड़े लोगों को संबल प्रदान करें, तभी समाज का उत्थान होगा।

जालोर कन्या महाविद्यालय के व्याखाता बाबूलाल देवड़ा ने शिक्षा की महत्ता बताते हुए समय के साथ समाज में हो रहे परिवर्तन पर विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का आह्वान किया। अधिवक्ता भावना सैनी ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित बालिका दो परिवारों को शिक्षित करती है। उन्होंने कहा कि जिले में बालिका शिक्षा का ग्राफ निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फूले ने भी नारी शिक्षा के लिए क्रांतिकारी कार्य किया। उन्हें सिद्धान्तों को अनुसरण कर समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। उन्होंने घूंघट प्रथा, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज सहित अनेक कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया। कालूराम गहलोत ने समाज में शिक्षा की कमी से उत्पन्न कुरीतियों पर अपनी बात कहते हुए प्रतिभागियों पर अपनी बात कहते हुए प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धन कमाना कोई बड़ी बात नहीं है। धन का सुदपयोग होना चाहिए।

समारोह को पूर्व जज भलाराम परमार, पुलिस निरीक्षक अशोक कच्छवाह, परिवहन निरीक्षक दिलीप सोलंकी, डिस्कॉक सहायक अभियन्ता भरत देवड़ा, व्याखाता संतोष परमार, रूपेश सोलंकी, उपमंडल अधिकारी द्वारकाप्रसाद सैनी ने भी संबोधित किया। संस्थान के अध्यक्ष छगनलाल सांखला ने सभी समाजबंधुओं, अतिथियों, भामाशाहों व सहयोग कर्त्ताओं का संचालन मीठालाल जांगिड़ व पारसमल सांखला ने किया। इससे पूर्व अतिथियों ने लिखमीदास महाराज, ज्योति बा फूले औश्र सावित्री बाई फूले की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम में नन्हें–मुन्हें बालक–बालिकाओं की ओर से देशभक्ति से ओत–प्रोत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस मौके प्रभुराम सांखला, भंवरलाल परमार, लहराराम सोलंकी, बाबुलाल परमार, रवि परमार, भंवरलाल सोलंकी शिवशक्ति, पूर्व पालिकाध्यक्ष जीएम परमार, किस्तुरमल सोलंकी, हीरालाल सोलंकी, दरगाराम सुंदेशा, डॉ. प्रेमराज परमार, पारस माली, रामलाल सोलंकी, बाबुलाल सुंदेशा, गहलोत सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रतिभाओं के साथ अभिभावकों का सम्मान

संस्थान के सचिव भंवरलाल सोलंकी ने बताया कि समारोह में जिलेभर से माली समाज की 499 प्रतिभाओं, 25 प्रबुद्धजनों, 60 दानदाताओं, गुजरात राज्य के 12 प्रतिभाओं व मेरिट में स्थान हासिल करने वाली 8 प्रतिभाओं व उनके माता–पिता को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व सिल्वर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ऐसी छात्र–छात्राओं के माता अथवा पिता का निधन हो चुका है ऐसे 23 छात्र–छात्राओं को संस्थान की ओर से छात्रवृति दी।

# लक्ष्य तय कर मेहनत के साथ आगे बढ़े युवा - ओपी सैनी







## प्रस्तुतियों ने मन मोहा

महात्मा ज्योतिबा फूले व सावित्री बाई फूले व सावित्री बाई फूले क चित्र क समक्ष दीप प्रज्वलन से शुरू हुए समारोह में समाज की बालिकाओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। बाद में घूमर नृत्य व कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम विषयक गीत पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर बेटी बचाने का संदेश दिया।

सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान जिला चुरू का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन रविवार को देवीदास हनुमान बगीची संस्था परिसर में हुआ। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्य सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस ओपी सैनी ने कहा कि समाज का युवा लक्ष्य तय कर उसकी प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करें और आगे बढ़ें। उन्होंनें समाज के प्रतिभाशाली युवाओं की मदद क लिए एक स्थाई कोष स्थापित करने की आवश्यकता जताई। दान की महत्ता बताते हुए उन्होंने समाज के सामर्थ्यवान लोगों से समाज हित में दान करने का भी आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर धनपत माली ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि युवा सफलता नहीं मिलने तक बुलंद हौसले के साथ प्रयास जारी रखें। आईटीआई जयपुर के प्राचार्य रामावतार सैनी, उद्योगपति ओम प्रकाश सैनी, रतनगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, संस्थान के जिलाध्यक्ष ओंकारमल बालाण आदि ने सामाजिक एकजुटता का आह्वान यिका। अध्यक्षता कर रहे पन्नालाल तंवर ने आभार जताया। इससे पहले गणेशा राम तंवर, एडीपीसी बजरंग सैनी, श्यामसुंदर सैनी, श्रीराम सैनी, विधि मंत्री विनोद सैनी, संतोष परिहार आदि ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। संचालन राज कुमारी चौहान, अनिशा तंवर, निर्मला सैनी व जयंत परिहार ने किया।

**इन्होंने किया संबोधित** - सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी सेवा संस्थान जिला चुरू का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिक सम्मेलन रविवार को देवीदास हनुमान बगीची संस्था परिसर में हुआ। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्य सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस ओपी सैनी ने कहा कि समाज का युवा लक्ष्य तय कर उसकी प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करें और आगे बढ़ें। उन्होंनें समाज के प्रतिभाशाली युवाओं की मदद क लिए एक स्थाई कोष स्थापित करने की आवश्यकता जताई। दान की महत्ता बताते हुए उन्होंने समाज के सामर्थ्यवान लोगों से समाज हित में दान करने का भी आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर धनपत माली ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि युवा सफलता नहीं मिलने तक बुलंद हौसले के साथ प्रयास जारी रखें। आईटीआई जयपुर के प्राचार्य रामावतार सैनी, उद्योगपति ओम प्रकाश सैनी, रतनगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, संस्थान के जिलाध्यक्ष ओंकारमल बालाण आदि ने सामाजिक एकजुटता का आह्वान यिका। अध्यक्षता कर रहे पन्नालाल तंवर ने आभार जताया। इससे पहले गणेशा राम तंवर, एडीपीसी बजरंग सैनी, श्यामसुंदर सैनी, श्रीराम सैनी, विधि मंत्री विनोद सैनी, संतोष परिहार आदि ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। संचालन राज कुमारी चौहान, अनिशा तंवर, निर्मला सैनी व जयंत परिहार ने किया।

# सैनी समाज द्वारा रतनगढ़ तहसील की 85 प्रतिभाओं का सम्मान



# वक्ताओं ने शिक्षा को बढ़ावा व एक होने पर दिया जोर

सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी सेवा संस्थान की ओर से रविवार को हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में भामाशाह राधेश्याम महावर की अध्यक्षता में प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ।

कार्यक्रम में शिक्षा, खेल व विभिन्न क्षेत्र में अव्वल प्रदर्शन करने वाली समाज की 85 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर महावर ने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से आने वाले वाली पीढ़ी को प्रोत्साहन मिलता है। महावर ने कहा कि हमारे समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उसे तरासने की आवश्यकता है।

पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज व देश का विकास सम्भव है। वर्तमान पीढ़ी के शिक्षित होने पर ही आने वाली पीढ़ी शिक्षित होगी। सम्मान समारोह में दुर्गादत गोड़, चोथमल सुईवाल, महावीर प्रसाद सुईवाल, गोविंद प्रसाद सिंगोदिया, मोतीलाल खडोलिया, नन्दलाल खडोलिया, ओमप्रकाश कटारिया, जयदेव प्रसाद मिटावा, महावीर सिंह चौहान, भ्झरत सुईवाल विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों के साथ संरक्षक मदनलाल कम्मा, लक्ष्मी प्रकाश वर्मा, रामगोपाल शास्त्री, जितेंद्र तंवर, चंद्रमोहन तंबर, सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी संस्थान अध्यक्ष गौरीशंकर खडोलिया ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कक्षा 10, 12, स्नातक, स्नातकोतर, खेलकूद, विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली 85 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, उपहार व नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया।संस्थान के परमेश्वर लाल गौड़ ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी व पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश टाक ने शाब्दिक स्वागत किया। संचालन परमेश्वरलाल गौड व अशोक सैनी ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष गोरीशंकर कम्मा, नथमल राकसिया, जचंदलाल गौड़, बाबूलाल चौहान, शंकरलाल गौड़, शिवशंकर कम्मा, शंकर कम्मा, नंदलाल गढवाल, विनोद सुईवाल, अमरचंद गौड, मदनलाल गौड, हरिनारायण कटारिया, इंद्रचंद देवड़ा, बाबूलाल कम्मा, नारायण प्रसाद सैनी, कुरड़ाराम तंवर, बजरंगलाल कम्मा, भंवरलाल गौड़, ओमप्रकाश सिंगोदिया, किशनलाल राकसिया, पूनम कम्मा, राधाकृष्ण सुईवाल, नाराण प्रसाद राकसिया, ओमप्रकाश गोड़, नगेंद्र गोड़, महेंद्र सोलंकी, श्रीकृष्ण गौड़, विजयकुमार खडोलिया ,तिलोक कम्मा, हीरालाल खडोलिया, मंगतूराम गौड़, गोंविद कम्मा, जयंत पड़िहार, ओमप्रकाश सिंगोदिया, मुरारीलाल सैनी, महावीर गहलोत, बालकिशन टाक, सत्यनाराण बागड़, ओमप्रकाश खड़ोलिया, सूर्यप्रकाश सैनी, सुशील कम्मा, बनवारी माली आदि उपस्थित थे।

## इन प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

संस्थान की ओर से कक्षा 10 के विद्यार्थी उमेश कुमार, विनिता सैनी,तरुण कुमार, दीक्षा सैनी, बनवारी लाल, नारायण सोलंकी, जयाभारती, तनुप्रिया, मनीष कुमार, दीक्षा, प्रियंवदा, रंभा, राहुल, इंद्रचंद, योगेश कुमार,सुभाषचंद्र, हेमराज, रमेश, पूनम, राधा,कक्षा 12 के विद्यार्थी अंजू सैनी, निशा सैनी, अनुराधा, पूजा यादव, अंतिमा, गुंजन, राहुल देवड़ा, श्यामसुंदर, किरण, रेणु खडोलिया, स्वाति, रश्मि, खुशबू, स्नातक / स्नातकोतर के विद्यार्थी कविता सैनी, किरण, रुबी सैनी, यशवंत, बिंदू, सरिता, लक्ष्मी, सहित खेल, डिप्लोमा आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 85 प्रतिभाओं के साथ अतर्राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका में रोबोटिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आईआईटी के छात्र दीपक सैनी का सम्मान उनके ताऊ बाबूलाल खडोलिया को प्रदान किया गया।

# राजनेता तो हो पर समाज में किसी प्रकार की राजनीति न हो . राजेन्द्र गहलोत



जोधपुर। पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत ने कहा कि समाज को शिक्षा एवं राजनीतिक के शिखर पर ले जाने के लिए सामाजिक एकता के साथ राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर कार्य करें। इसके लिए समाज में राजनेता तो हो पर समाज में किसी प्रकार की राजनीति न हो। गहलोत ने यह बात सेठ भीकमदास परिहार शिक्षा सेवा सदन में आयोजित जोधपुर माली संस्थान के संभाग स्तरीय स्नेह मिलन सम्मेलन में कही। गहलोत ने कहा कि समाज के विकास एवं सुधार के साथ भावी पीढ़ी को शिक्षा में अग्रसर करने के लिए सामाजिक एकता जरूरी है। इसके लिए समाज के सभी लोगों को राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर एक राय होना जरूरी है। समारोह में जेडीए के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, माली संस्थान अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा, माली समाज पुष्कर धर्मशाला अध्यक्ष ओंकारसिंह कच्छवाह, पूर्व महापौर ओमकुमारी गहलोत, हरिद्वार धर्मशाला अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, समाजसेवी पुखराज सांखला, समाजसेवी प्रेमसिंह परिहार, संस्थान मंत्री योगेश गहलोत पुखराज सोलंकी धुंधाड़ा सहित कई वक्ताओं ने विचार रखकर समाज में विकास एवं शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस सम्मेलन में जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण, बालोतरा, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, जालोर, भीनमाल, सिरोही नागौर जिले सहित संभागभर से समाज के प्रबुद्धजनों एवं गणमान्य लोगों ने विचार रखे।

राजसीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने कहा कि महात्मा ज्योति राव फुले के शिक्षा को बढ़ावा देने के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए समाज में शहरों के साथ खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े बेटी–बेटियों को उच्च देने के लिए समाज के प्रबुद्धजनों तथा सामाजिक संस्थाओं को आगे आना चाहिए जिससे समाज में शिक्षा का उजाला बढ़ सके।

## चौमूं में 225 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

चौमू। जिलेमें बुधवार को सावित्री बाई फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के सैनी समाज सभा भवन में महात्मा ज्योतिराब फुले विकास संस्था की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन संस्था अध्यक्ष ओमकार तंवर की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिराव विश्वविद्यालय के कुलपति निर्मल पंवार, विशिष्ट अतिथि संस्था संरक्षक प्रहलाद अद्योप्या, राष्ट्रीय माली समाज के उपाध्यक्ष सूरजमल ठेकेदार, भवन निर्माण कमेटी अध्यक्ष सायर तंवर थे। इस मौके पर अतिथियों ने समाज की 225 प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

राजावास। जयपुर चौमू राजमार्ग पर हरमाड़ा के पास अंबेडकर पार्क में बुधवार को सावित्री बाई फुले की जयंती पर महिला शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वित्त कराधान समिति अध्यक्ष बीना वर्मा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सिलविया ओसमंड ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जालसू प्रधान बदाम देवी वर्मा, प्राचार्य निर्मला देवी, जनसेवा संस्था की भावना शर्मा, पूर्व आईएएस बीएल नवल, यादव युवा महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा नेता अर्जुन बाडीगर, अब्दुल लतीफ आरको, केपी सिंह आदि थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि वर्मा ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से उनमे आत्म सम्मान की भावना आती है। मेडम सिलविया ने कहा कि सावित्री बाई महिलाओं के अधिकारों के लिए सदैव लड़ती रही। विशिष्ट अतिथि अर्जुन बाडीगर ने कहा कि माता सावित्री बाई पहली महिला शिक्षिका थी।

जो हमेशा महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ती रही। इस मौके सरकारी गैर सरकारी क्षेत्र में विद्यालयों में पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच के प्रदेश अध्यक्ष सीताराम बैरवा, तहसील अध्यक्ष मालीराम केकाडिया, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर माली समाज ने निकाली रैली

बीकानेर। पंचरंगी साफा पहने। हाथों में तिरंगा और पीली ध्वज पताकाएं लिए युवा। गगनभेदी नारों के साथ बालिका शिक्षा को बढावा देने के लिए दिया जा रहा संदेश। जगह–जगह पुष्पवर्षा के साथ हो रहा स्वागत। ये नजारा बुधवार को नजर आया। मौका था देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 187वीं जयंती पर माली समाज, बीकानेर की ओर से निकली रैली का। सामाजिक असमानता के खिलाफ आवाज बुलंद कर देश और समाज में नवजागरण का शंखनाद करने वाली सावित्री बाई फुले की जयंती पर निकली रैली का आगाज सुबह 10 बजे गोपेश्वर बस्ती स्थित शिव पार्वती भवन से हुआ।

बालिकाओं को सम्मान देने। बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढाने आदि प्रेरक संदेशों के साथ रवाना हुई रैली लक्ष्मीनाथ मंदिर, बड़ा बाजार, आचार्य चौक, मोहता चौक, तेलीवाड़ा, जोशीवाड़ा, कोटगेट, प्रेमजी पॉइंट, कोयला गली, स्टेशन रोड़, गंगाशहर रोड़ होते हुए गोगागेट स्थित माली समाज भवन पहुंची। इस मौके पर नंदकिशोर सोलंकी, गोपाल गहलोत, गुलाब गहलोत, यशपाल गहलोत, श्याम तंवर, चंद्रप्रकाश गहलोत, किशन लाल, जयकिशन गहलोत सहित समाज के गणमान्यजनों ने समाज भवन में स्थापित ज्योति बा फुले और सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। आयोजन के दौरान सत्यनाराण पंवार, भैराराम पंवार, आशुराम कच्छावा, श्याम कुमार तंवर, शिव गहलोत, देवकिशन, मांगीलाल गहलोत, कैलाश गहलोत, चंद्रेश गहलोत, रवि गहलोत, पंकज गहलोत, मनोज सोलंकी आदि मौजूद थे।

# सुर्खियों में : 2जी घोटाला फैसले के जज

## सब इंसपेक्टर से जज की कुर्सी तक पहुंचे ओपी सैनी



2 जी घोटाले में फैसला सुनाने वाले जस्टिस ओपी सैनी पुलिस सब इंसपेक्टर से जज की कुर्सी तक पहुंचे है। वह ट्रायल कोर्ट में उन चुनिंदा जजों में से एक हैं जिन्हें 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा मिली हैं। सीआईएसएफ का सुरक्षा घेरा 24 घंटे उनके इर्दगिर्द रहता है। हरियाणा के 58 वर्षीय जस्टिस सैनी ने अभी तक 2जी घोटाले के अलावा, लालकिला हमला मामले, 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाले, बड़े सरकारी अधिकारियों से जुड़े भष्ट्राचार के मामलों की सुनवाई की है। 1980 में उन्होंने दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर के पद से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद वह दिल्ली न्यायिक सेवा के लिए चुने गए। वह पहली बार सुर्खियों मं तब आए जब उन्होंने लालकिले पर हमले जैसे संवेदनशील केस में मुख्य आरोपी को मौत की सजा सुनाई। इस हमले में अन्य आरोपियों को उम्रकैछ हुई थी। सूत्रों के अनुसार, लालकिला केस के फैसले के बाद उनकी जान को खतरा देखते हुए उन्हें सुरक्षा दी गई। जस्टिस सेनी अपने कड़े रूख और कानून की अच्छी जानकारी के लिए प्रख्यात है।

# गौरव सैनी ने पाई नेट परीक्षा में सफलता

## जीव विज्ञान विषय में 63वीं रैंक हासिल की



नारनौल। शहर के दिल्ली वाला कुआं नजदीक शोभासागर तालाब के रहने वाले गौरव सैनी पुत्र भगवानदास सैनी ने 2017 की नेट परीक्षा में जीव विज्ञान विषय में 63वीं रैंक हासिल की है। इस संबंध में उनके पिता भगवानदास ने बताया कि गौरव बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर था। उसने अपने ताऊ बीएल सैनी उप–रजिस्ट्रार पंजाब एण्ड हरियाणा उच्च न्यायालय चण्डीगए के मार्ग दर्शन और सानिध्य में रहकर यह उपलब्धि प्राप्त की है। गौरव ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी ऑर्नस बायो मेडिकल व एमएससी बायोटैक आईआईटी रूड़की से उत्तीर्ण की है।

# नवयुगल ने रक्तदान कर शादी को बनाया यादगार

## दोनों अमृत कौर अस्पताल में ही है लैब टेक्निशियन



ब्यावर राजकीय अमृतकौर अस्पताल के लैब में कार्यरत लैब टेक्नीशियन हरीश गहलोत और रश्मि भाटी की शादी को दोनों परिवारों ने यादगार बना दिया। दोनों परिवार के सदस्यों की सहमति से रविवार को ब्लड डोनेशन किया गया। जानकारी के अनुसार रश्मि भाटी और हरीश गहलोत दोनों एकेएच की लैब में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। दोनों की रविवार को शादी थी। आम तौर पर होने वाली सभी रस्मों के साथ दोनों ने कुछ अलग करने की ठानी। परिवार के सदस्य लक्ष्मण सिंह की प्रेरणा से दोनों परिवारों ने शादी के सात फेरों की रस्मों के साथ्ज्ञ रक्तदान की रस्म भी रखी गई। परिवार के सदस्यों से जानकारी मिलने पर अस्पताल के स्टॉफ ने भी सहयोग किया और शादी समारोह के कार्यक्रम के साथ रक्तदान भी किया। दोनों के परिवारों के सदस्यों ने रक्तदान भी किया।

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



समाज गौरव मंजिल सैनी SSP मेरठ के एडिसनल DG उत्तरप्रदेश बनने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

# राजधानी में परिचय सम्मेलन आयोजित

### जीवनसाथी के लिए युवक-युवतियों ने दिया परिचय

जयपुर. राजधानी में रविवार को विभिन्न समाजों व संस्थाओं की ओर से परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इनमें सैकड़ों युवाओं ने बेहतर जीवनसाथी के लिए मंच से परिचय दिया।

माली–सैनी समाज संस्था की ओर से सीकर रोड स्थित समारोह स्थल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए युवाओं ने परिचय दिया। इस दौरान छह जोड़े तय हुए।



महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से नई बगीची, फुले मालियान आंनदपुरी में आयोजित सम्मेलन में माली समाज के 65 युवक व 22 युवतियों ने परिचय दिया। इस दौरान 18 जोड़े तय हुए। शहर अध्यक्ष भवानी शंकर माली ने बतायाकि अध्यक्षता समाज के वयोवृद्ध समाजसेवी हरी सिंह तंवर ने की। युवाओं ने परिचय दिया। इस दौरान समिति की वेबसाइट का भी लोकार्पण किया। अतिथि अमिताभ कौशिक(अति. निदेशक, समाज कल्याण विभाग), समिति अध्यक्ष राधेश्याम, मंत्री गणपत राजोरिया, सुशील कुमार, महेंद्र चतुर्वेदी व मंजू अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग थे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रफ्फुल पारख ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान करीब 240 युवाओं ने परिचय दिया। वहीं, युएसए, नार्वे, बैंकाक सहित अन्य देशों व देश के अन्य राज्यों से भी युवा बेहतर जीवनसाथी की तलाश मं पहुंचे। साथ ही वक्ताओं ने उक्त आयोजन को वक्त की जरूरत बताया। चित्रगुप्त सामूहिक विवाह समिति जयपुर की ओर से कायस्थों की बगीची (कल्याण जी का रास्ता) में आयोजित सम्मेलन में समिति के कैलेण्डर का विमोचन किया गया। इस दौरान करीब 175 लड़के और 70 युवतियोंने परिचय दिया। साथ ही करीब 15 जोड़े भी तय हुए। मुख्य अतिथि समाजसेवी ओम नारायण तथा विशेष अतिथि मयंक श्रीवास्तव व डॉ. अशोक माथुर थे।

## युवा मार्गदर्शन व संस्कार शिविर का शुभारंभ

### तीन जिलों के स्वजातीय विद्यार्थी ले रहे है भाग

सुमेरपुर. महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान कोलीवाड़ा एवं माली समाज गोडवाड–मारवाड़ युवा संस्थान सादड़ी के संयुक्त तत्वाधान में छह दिवसीय युवा मार्गदर्शन व संस्कार शिविर का शुभारां मंगलवार को समारोह पूर्वक हुआ। कोलीवाड़ा स्थित शिक्षण संस्थान में रतनलाल टांक व नारायणलाल चौधरी की अध्यक्षता व राजेन्द्र गहलोत, चतुराराम गहलोत, खीमाराम देवड़ा व शिवलाल के अतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बताया कि 26 से 31 दिसम्बर तक कोलीवाड़ा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान में मार्गदर्शन शिविर का आयोजन रखा गया है। अतिथियों ने दीप प्रज्जलन व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि समाज को शिक्षा में आगे बढना होगा। शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। माली समाज गोडवाड़–मारवाड़ युवा संस्थान सादड़ी के संरक्षक विजयसिंह माली ने कहा कि शिविर में दसवीं व बाहरवीं बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा टिप्स बताए जाएंगे।

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्री भंवरजी देवड़ा को माली समाज शिक्षण संस्थान सुमेरपुर का निर्विरोध अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

समारोह में संरक्षक मोतीलाल सांखला, शंकरलाल गहलोत, शिक्षण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष मांगीलाल परिहार, शांतिलाल देवड़ा, किशनलाल देवड़ा, नरेन्द्र परिहार, रतनलाल टांक, गुलाबराम परिहार, महेन्द्र गहलोत, रमेशकुमार परमार, महेश परिहार, ओमप्रकाश परिहार, रतनलाल गहलोत, नैनाराम शिवगंज, नारायणलाल परिहार, लक्ष्मण परिहार, रावाराम देवड़ा, शांतिलाल देवड़ा, खीमाराम समेत समाजबंधु मौजूद थे।

# समाज के प्रबुद्धजनों के आश्वासन के बाद तोड़ा अपना अनशन

## समाज के मनीष गहलोत ने माली संस्थान के चुनाव पश्चात संविधान संशोधन की विधिवत प्रक्रिया के आश्वासन पश्चात की अनशन समाप्ति

जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर के 21 जनवरी, 18 को होने वाले संविधान संशोधन विरूद्व होने वाले चुनावों के विरोध में 2 दिन से अनशन पर अन्न जल त्याग कर बैठे समाज के मनीष गहलोत का धरना शुक्रवार रात को पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, राजसिको के पूर्व चेयरमेन सुनील परिहार, हरिद्वार धर्मशाला के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा, समाजसेवी ब्रह्मसिंह चौहान, मेघराज पंवार, युधिष्ठर सिंह परिहार, माली संस्थान के चुनाव प्रत्याशी पुखराज सांखला, प्रेमसिंह परिहार, योगेश गहलोत विपिन परिहार के साथ ही समाज के प्रबुद्वजनों के आश्वासन के बात जूस पिलाकर समाप्त किया।

गुरूवार प्रातः 11 बजे मनीष गहलोत ने अपना अनशन आरंभ करते हुए अन्न जल त्याग दिया। उनकी मांग थी कि पिछली आम सभा में जो संविधान संशोधन किए गए थे उनकी प्रक्रिया नियम विरूद्व की गई, उसका संविधान प्रक्रिया से उप रजिस्टार जोधपुर से कानूनन पुष्टि नहीं की गई जिसके चलते अभी जो चुनाव हो रहे है वो असंवैधानक है तथा मेरे द्वारा पिछले एक वर्ष से संस्थान के निर्वतमान अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा को सैकड़ों रजिस्ट्रर्ड लेटर के माध्यम से नियम विरूद्व संस्थान का कार्यकाल 3 से 5 वर्ष करने तथा आजीवन सदस्यता शुल्क 1000 से 2100 करते के साथ ही साधारण सदस्यता शुल्क 300 से 500 करने के लिए जो प्रक्रिया अपनाई गई वो पूरी तरह से असंवैधानिक है की जानकारी देने के बावजूद इस प्रक्रिया में सुधार करने हेतु किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया।



अनशन के प्रथम दिन गुरूवार रात को जब अनशन की सूचना जेडीए के पूर्व चेयरमेन राजेन्द्र सोलंकी, माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाहा को पता चली तो उन्होंने भाजपा के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा, हरिद्वार धर्मग्शाला के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, समाज के युवा राजनीतिक मयंग देवड़ा के साथ धरना स्थल पर रात 1.00 बजे तक समझोते के प्रयास किए तथा उनकी मांग पर मनीष गहलोत ने चुनाव प्रक्रिया स्थगित नहीं करने की बात मान ली लेकिन चुनाव पश्चात संविधान संशोधन में हुई अनियमितताओं को कानून सही करने तथा आम सभा के माध्यम से जो भी संविधान संशोधन किए गए है उन्हें विधिसम्मत पास कराने के आश्वान के पश्चात अनशन समाप्त करने की बात कही।

शुक्रवार सुबह एक बार फिर वार्ता प्रारंभ कि गई तथा संस्थान के निर्वतमान अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा ने अपने कार्यकाल के दौरान हुई संविधान संशोधन में जो कार्यवाही उप रजिस्टार कार्यालय में की गई उसमें कुछ कमियां रहने के कारण वो संविधान संशोधन की पुष्टि उप रजिस्टार द्वारा नहीं की गई जिसके लिए अपनी ओर से माफी मांगते हुए जल्द ही संविधान संशोधन कराने की बात कही। इस पर राजसिको के पूर्व चेयरमेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने धरना स्थल पर पहुंच कर मनीष गहलोत को आश्वासन दिया कि चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नई कार्यकारिणी के साथ ही समाज के प्रबुद्ववर्ग के साथ मिलकर जो भी संविधान संशोधन की प्रक्रिया है उनको विधि विधान से पूर्ण कर ली जाएगी। सभी प्रबुद्वजनों के आश्वासन के पश्चात मनीष गहलोत ने अपना धरना समाप्त किया इस पर उन्हें जूस पिलाकर माल्यार्पण कर धरना समाप्त किया गया।

मनीष गहलोत ने दो दिवसीय धरने में सहयोग करने वाले सुनील सांखला, महेन्द्र पंवार, जगदीश देवड़ा, प्रदीप गहलोत, संपतराज गहलोत, राधेश्याम सांखला, यश गहलोत, अरविंद परिहार, नरेन्द्र परिहार, ब्रह्मसिंह कच्छवाहा, छंवर सिंह टाक, जितेन्द्र चौहान, धमेन्द्र सांखला, विमलेश गहलोत, पंकज सांखला, नृसिंह गहलोत, अर्जुनसिंह सांखला, देवेन्द्र गहलोत, नरपत सिंह कच्छवाहा, दलपतसिंह कच्छवाहा, श्रीमती गंगा गहलोत, श्रीमती इंदू गहलो, ललित सांखला, विशाल कच्छवाहा, विनित गहलोत, भाजपा के उपाध्यक्ष ब्रह्मसिंह चौहान सहित समाज के सभी वर्गो ने जो स्नेह व सहयोग दिया उसके लिए आभार प्रकट करते हुए समाज के प्रबुद्वजनों का भी आभार प्रकट किया जिन्होंने समाज की प्रमुख संस्था में संविधान संशोधन में रही कमियों को दूर करने के लिए समिति बना जल्द आम सभा में प्रस्ताव को सर्वसम्मति से विधिवत पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

## सामने आया विडियो कि कैसे पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने माली संस्थान चुनावों में

# समाज के सभी वर्गों को झूठे तथ्यों से किया गुमराह

जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर के चुनावों में इस बार जिस तरह से समाज को जोड़ने के बजाए तोड़नें व आपस में सभी वर्गो को लड़ाने का काम पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने किया उसकी जितनी भर्तसना की जाए कम है।

हाल ही में चुनाव प्रचार के दौरान बालेसर में समाज की मिटिंग में पूर्व अध्यक्ष ने चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव में खड़े प्रत्याशी युधिष्ठर सिंह परिहार के बारे में समाज को झुठ बोल कर बरगलाने का काम किया। समाज के ही लोगों ने उसका विड़ियों बना जब युधिष्ठर परिहार को भेजा तो वे तुरंत वहां अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए तथा अपनी आपबीती बताने लगे। अपनी पोल खुलते देख सुनील परिहार वहां से चल दिए युधिष्ठर परिहार व अन्य लोगों ने सुनील परिहार से जब इस संबध में चर्चा करने के साथ ही निवेदन किया कि आप और मेरी टीम साथ ही प्रचार करते है समाज के सभी समझदार है तथा वे स्वयं दोनों टीमों की बात को सुन कर जिसे उचित समझेगें उन्हें चुनाव में वोट देकर विजयी बना देगे। लेकिन सुनील परिहार को यह बात पंसद नहीं आई।

इससे पूर्व बालेसर में सुनील परिहार ने युधिष्ठर परिहार के बारे में समाज के लोगों को झुठ बोला कि यह व्यक्ति समाज की दुकानों पर कब्जा कर रहा है तथा दुकानों के पीछे भट्टिया लगा कर ओर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है।

जबकि हकीकत में माली संस्थान के अध्यक्ष रहते हुए सुनील परिहार के ही टीम के कोषाध्यक्ष श्रीराम परिहार ने अपनी दुकानों परिहार टेण्ट फेक्ट्री के पीछे कब्जा किया (जिसके विरोध के साथ ही हमने पत्रिका में वो कब्जे वाली न्यूज प्रकाशित की थी ) था जो आज तक मौजूद है जिसकी स्वीकृति स्वयं सुनील परिहार ने अध्यक्ष रहते हुए दी थी।

सुनील परिहार ने झुठे आरोप लगाए कि युधिष्ठर परिहार ने अपनी दुकानों को उपर बढ़ा दिया है जबकि सत्य यह है कि सुनील परिहार के अध्यक्षीय कार्यकाल में हमारे विरोध के बावजूद कुछ रकम संस्थान में लेकर इन्होंने स्वयं अनुमति प्रदान की थी। यहां तक की युधिष्ठर परिहार के पिछले दो वर्षो से संस्थान में दो लाख रूपये सिक्योरटी के जमा किए हुए थे जो नियमानुसार उन्हें वापस हो जाने चाहिए लेकिन युधिष्ठर परिहार को आजतक अपने सिक्योरटी राशि नहीं मिली है। जिसकी मांग वे स्वयं अनेकों बार कर चुके है। युधिष्ठर परिहार ने समाज के मंच पर बालेसर में कहा कि यदि माली संस्थान, जोधपुर में मेरा एक रूपया भी बकाया निकल रहा है तो मैं अभी यहां समाज कहे उतना दण्ड भरने के साथ ही चुनाव से अपना नाम वापस लेता हुं।

विडियों में समाज के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों को भी पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने आदर से संबोधित नहीं किया जिस प्रकार से उन्होंने स्वयं को समाज का सबसे बड़ा हितेषी बताने की कोशिश की उस प्रकार का उन्होंने कोई व्यवहार नहीं किया है बालेसर में ही समाज के युवाओं ने इनकी पोल खोल समाज के युवा वर्ग को आपस में लड़ाने की बात कही।

माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार की अति महत्वकांक्षा के चलते समाज के अनेकों सभ्य लोगों में आपस में मनमुटाव हो गए है तथा समाज जगह जगह दो गुटों में बंट गया है। हमने अनेकों बार इस बारे मे समाज के सभी वर्गो को तथ्यों सहित जानकारी दी है। हमारी मांग है सुनील परिहार समाज के सभी वरिष्ठ राजनीतिज्ञों सहित प्रबुद्व वर्गो को अपन स्वार्थ की राजनीति के लिए लड़ाने का कार्य नहीं करके समाज को जोड़ने के लिए कार्य करे। इस विड़ियों में कुछ आपतिजनक बातें होने के कारण समाजहित में हमने इसे प्रसारित नहीं किया जो भी समाज बंधु यह विड़ियों देखना चाहता है वह हमारे कार्यालय में आकर इन सभी बातों की सत्यता की पुष्टि कर सकते है।



पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के (पी.एस.ओ) श्री रामकिशोर जी सैनी को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति पुलिस पदक हेतु चयनित व सम्मानित




सैनी समाज गौरव करनाल के नवदीप सैनी का भारतीय क्रिकेट टीम व आईपीएल में RCB टीम में 3 करोड़ में चयनित




नागौर के प्रकाश साँखला HYB to Rajahmundry तक अप डाऊन 1000KM 70 घंटे में पूरा कर बनाया रिकॉर्ड

**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

### माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने समाज के भामाशाह से कमरे हेतु रकम लेकर

# न तो कमरा बनाया न ही कमरे पर लगाया पत्थर

### पिछले कई वर्षों से भटक रहे है श्री ओमप्रकाश परिहार

जोधपुर। समाज के चौखा निवासी ओमप्रकाश परिहार से माली संस्थान, जोधपुर के चुनाव प्रचार के दौरान मिलने पर पता चला कि इन्होंने वर्षो पूर्व माली संस्थान में 61,000/– कमरे के निर्माण हेतु दान किए थे। लेकिन पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने उनके दानराशि को स्वीकार करते हुए उनके द्वारा दिए गए दान राशि के कमरे का निर्माण कर उस पर पत्थर न तो लगाया न ही उन्हें इस बारे में कोई कारण बताया। समाज के वयोवृद्ध समाजसेवी पूर्व सरपंच ओमप्रकाश परिहार ने अनेकों बार इस हेतु निवेदन किया लेकिन इस बारे में किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। पिछले वर्ष जब ओमप्रकाश परिहार ने निर्वतमान अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा से अपनी बात कही तो उन्होंने पत्थर पर कुछ संशोधन कर उसे लगाने का आश्वासन दिया। दानदाता द्वारा पत्थर पर संशोधन करने के बावजूद भी वह पत्थर आजतक न तो कमरे पर लगा है न ही उनके द्वारा दान की गई राशि के बारे में स्पष्ट जवाब दिया गया है।

ओमप्रकाश परिहार ने बताया कि कई दिनों तक यह पत्थर जोधपुर भवन धर्मशाला के कार्यालय में पड़ा रहा तथा अब में यह पत्थर अपने घर लाया हूं। समाज के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने जानबुझ कर इन्हें न केवल परेशान किया बल्कि इनका अपमान भी किया है। हमनें इस संबध में सुनील परिहार से जानकारी लेने की कोशिश की लेकिन उन्होंने किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं दी।

आखिर पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार कि क्या लालसा है जिस वजह से वह माली संस्थान के चुनावों में समाज के सभी वर्गो




को आपस में लड़वा कर झुठ बोल कर बरगला रहे है तथा अपने द्वारा समर्थित उम्मीदवार को विजयी बनाने के लिए हर तरह के हथकंड़ें अपना रहे है। हमारे समाज में और भी कई दिग्गज नेता हैं उनसे भी कई बड़े दिग्गज नेता है जिनको समाज के अध्यक्ष की कुर्सी का कोई भी मन मोह नहीं है केवल एक व्यक्ति विशेष ने पूरे समाज को कई टुकड़ों में बांट दिया है जिसका एक उदाहरण यह फोटो है जिसमें समाज के दानदाता अपनी पीड़ा बता रहे हैं।

हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गो के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले समाज के सभी व्यक्तियों से जिनका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाह रहा हूँ सच्चाई हमेशा छुपती नहीं है और सच्चाई को हमेशा संघर्ष करना पड़ता है तो आज यह हमारा संघर्ष है आज नहीं तो कल कल नहीं तो परसों एक दिन जीत तो सच्चाई की होगी।

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जालोर माली समाज गौरव प्रियंका माली को चार्टेड अकाउंटेंट (C.A.) नियुक्ति होने पर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं



पीपाड़ गौरव चेनाराम जी गहलोत को (C.A.) बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जयपुर समाज गौरव परमानंद सैनी को चार्टेड अकाउंटेंट (C.A.) नियुक्ति होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### सामने आया विडियो कि कैसे पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने माली संस्थान चुनावों में

# विनोद साँखला की आत्महत्या के आरोपी पर कार्यवाही की माँग

प्रदेश माली सैनी महासभा के चेयरमैन ओंकाररामजी कच्छावाहा के नेतृत्व में आज ए.डी.एम मानाराम जी पटेल को ज्ञापन दिया गया जिसमें कुछ समय पुर्व विनोद जी साँखला बैक ऑफ बड़ौदा मे मैनेजर के पद पर गांव छापर (सुजानगढ़) जिला चुरु मैं कार्यरत थे उसी शाखा के कर्मचारी के दबाव मे आकर आत्महत्या कर ली जिसका हवाला विनोद सांखला ने अपने हस्तलिखित पत्र (ॅनपबपकम छवजम) में लिखा था जो पत्र आत्महत्या के बाद मे पुलिस ने बरामद कर लिया।

नामजद आरोपी होने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नही की गई ना ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया इसी कार्यवाही को आगे बढाने के लिए मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक के नाम का ज्ञापन सौंपा गया जल्द ही कार्यवाही नही की गई तो उग्र आंदोलन किया जाऐगा जिसमें मृतक के पिता खेमराज सांखला, भाई मनोज एवं सुनिल सांखला, विमलेश गहलोत प्रदेशाध्यक्ष, पंकज सांखला प्रदेश महासचिव ऑल इण्डिया माली सैनी समाज, अरविन्द परिहार, धमेन्द्र सांखला, विरेन्द्र गहलोत प्रदेश उपाध्यक्ष, लक्ष्मण



सोलंकी प्रदेश सचिव, देवेन्द्र गहलोत प्रदेश संगठन मंत्री महात्मा फुले ब्रिगेड राजस्थान, अर्जुन सिंह सांखला जिलाध्यक्ष, राकेश सोलंकी वरिष्ठ उपाध्यक्ष महात्मा फुले ब्रिगेड जोधपुर नितेश कच्छावाहा, सुनिल सोलंकी, चन्द्रप्रकाश(काजू भाई), रवि परिहार एवं समाज के विभिन्न संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# माली समाज के चुनाव सम्पन्न

### सवाईमाधोपुर में कमलेश बारवाल बने अध्यक्ष

सवाईमाधोपुर. माली (सैनी) समाज क विभिन्न पदों के चुनाव नतीजे सोमवार देर रात घोषित किए। चुनाव में कमलेश बारवाल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर कैलाश व कोषाध्यक्ष पद पर कुंजीलाल सैनी घोषित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामाकिशन सैनी ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए। चुनाव में कमलेश बारवाल को 243 मतों से अध्यक्ष पद पर विजय घोषित किया गया।



इसी प्रकार कैलाश को उपाध्यक्ष, कुंजीलाला सैनी को कोषाध्यक्ष पद पर घोषित किया गया। मुकेश सैनी महामंत्री पद पर निर्विरोध चुने गए। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवार थे। इनमें कमलेश बारवाल को 966, दुर्गाशंकर को 654, रघुवीर को 723 मत मिले। 79 वोट निरस्त किए गए। कमलेश बारवाल 243 मतों से विजयी घोषित हुए। उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी मैदान में थे। कैलाश को 1415 व मुकुट बिहारी को 914 मत मिले, जबकि 93 मत निरस्त हुए। कैलाश 501 वोट से विजय घोषित किए गए। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर दो उम्मीदवार थे। कुंजीलाल सैनी को 1209 व मुकेश सैनी को 1117 मत मिले। 96 वोट निरस्त किए गए। कुंजीलाल सैनी को 92 वोट से विजय घोषित किया गया।



दो गांवों के माली समाजबंधुओं की सराहनीय पहल वर्षों से चली आ रही

# मृत्युभोज कुरीति बंद करने का निर्णय लिया

बर व मेगड़दा में माली समाज का संकल्प, मृत्युभोज नहीं करेंगे



वर्षो से चली आ रही मृत्युभोज और मनवार जैसी परंपराओं को दूर करने के लिए क्षेत्र के माली सैनी समाज के युवाओं व ग्रामीणों ने बंद करने का संकल्प लिया।

बर कस्बे के पाबू देवरा स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले माली संस्थान पर रविवार को बर व मेगड़दा माली समाजबंधुओं की बैठक हुई। बैठक में माली समाज के पिछले कई वर्षो से चल रही मृत्युभोज जैसी कुप्रथा को सर्वसम्मति से प्रस्ताव लेकर इसको पूर्णतया बंद करने का ऐतिहासिक फैसला लिया। कस्बे में माली समाज के युवाओं की एक टीम पिछले कई सालों से इसको लेकर प्रयास कर रही थे। इस मौके पर समाज अध्यक्ष कन्हैयालाल चौहान, राजूलाल बागड़ी, महेंन्द्र चौहान, उदाराम बागड़ी, दामोदरलाल चौहान, पुखाराम, रतनलाल बागड़ी, राजेंन्द्र बागड़ी, मोहनलाल बागड़ी, गणपतलाल चौहान, अर्जुनलाल चौहान, लक्ष्मणराम चौहान, ताराचंद बागड़ी, धन्नाराम भाटी, संपतराज सैनी, अशोक चौहान, राजेश चौहान, नेमाराम, धर्माराम, जीतेंन्द्र, राकेश बागड़ी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजुद थे।

## बैठक में अफीम व तंबाकू पर भी लगाई पाबंदी

बैठक में बर व मेगड़दा के माली समाज की हुई बैठक में मृत्युभोज के साथ–साथ अफीम व तंबाकू के सेवन भी पर भी लगाई पाबंदी

बैठक में बर व मेगदड़ा व रेलमगरा में माली समाज के शिक्षित युवाओं ने पिछले कई वर्षों से प्रयास करके समाज में जागरूकता लाई। युवाओं ने समाज में अच्छी और ऐतिहासिक पहल करते हुए मृत्युभोज जैसी कुरीतियों को पूर्ण रूप से समाज में बंद करने के लिए पहल की थी। इस टीम में समाज के युवा एवं प्रदेश माली महासभा के सचिव महेंद्र चौहान, राजूलाल बागड़ी, बाबूलाल गहलोत, नेमाराम भाटी, भोजराज चौहान, अणदाराम, ओमप्रकाश, अर्जुनलाल,ताराचंद, धन्नाराम भाटी आदि शामिल थे।

# माँ सावित्री बाई फुले की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



जयपुर. 03 जनवरी। देश की महानायिका एवं राष्ट्र की प्रथम महिला शिक्षिका साविची बाई फुले ने समाज की धारा के विपरीत जाकर समाज एवं देश को जाग्रत करने के लिए युग प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ संघर्ष करते हुए मानव मूल्य एवं मानव कल्याण के लिए समग्र पहल की थी। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान राजस्थान की ओर से सावित्री बाई फुले की जयंती के अवसर पर जयपुर में विद्याधर नगर स्थित संस्थान मुख्यालय प्रांगण पर आयोजित विचार गोष्ठी में उभरती चिन्तक विचारक सुमन सैनी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे समाज को कुन्द रखने के लिए समानान्तर विचारधारा प्रबल है। समाजिक मूल्यों




एवं राजनीतिक चेतना के लिए हम सबको वैचारिक झप से क्रान्ति लानी होगी। उन्होंने सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन को अंगीकार करने के लिए सभी वंचित वर्गो को आह्वान किया कि वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ें।

इस अवसर पर संस्थान की महिला विंग की प्रमुख धीरज सैनी ने कहा कि महिलाओं को अनेक परिस्थितियों से लड़ना चाहता है। उसके बावजूद भी उन्होंने नए मुकाम प्राप्त किए हैं। हमें सावित्री बाई फुले जैसी महानायिका के पदचिन्हों पर चलते हुए एक अलग पहचान बनानी होगी। विचार गोष्ठी में समाज की सरोज सैनी, श्रीमती लीलावती सैनी सहित अनेक महिलाओं ने सम्बोधित किया।

संस्थान के प्रवक्ता राजेन्द्र मावर ने बताया कि विचार गोष्ठी के स्वागत भाषण में संस्थान अध्यक्ष मांगीलाल पंवार ने इस अवसर पर सभी तहसील एवं जिला मुख्यालयों पर सावित्री बाई फुले जयंती के अवसर पर आयोजित रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजनों पर सभी को साधुवाद दिया तथा आहवान किया कि वे फिरकापरस्ती शक्तियों को एकजुट होकर मुंह तोड़ जवाब दें तथा शिक्षा की अलख जगाएं। महामंत्री नीलम पापटवान ने सभी आगन्तुक समाज बंधओं का स्वागत करते हुए हृदय से आभार प्रकट किया।

मावर ने बताया कि सावित्री बाई फुले की जयंती पर संस्थान प्रागण में युवा साथियों सहित महिलाओं ने रक्तदान कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। रक्तदान शिविर के संयोजक भवानीमल अजमेरा ने सभी का आभार प्रकट किया। इससे पूर्व राष्ट्र की महानायिका सावित्री बाई फुले के चित्र पर संस्थान के उपाध्यक्ष छुट्टन लाल सैनी फूलवाले, बंशीधर सैनी, वृद्धिचंद सिंगोदिया, शंकरलाल सैनी, चंदालाल सैनी, कोषाध्यक्ष हजारी लाल सैनी, जुगल किशोर सेनी, हनुमान सैनी, देहात इकाई अध्यक्ष मुलचंद इंदौरा, श्हर अध्यक्ष भवानीशंकर सैनी (कार्यक्रम संयोजक), विनीत सांखला, युवा साथी मोहित सैनी, मेहर सैनी, गुलाब इंदौरा, बाबूलाल सैनी, रामलाल सैनी सहित गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत कर सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन को अंगीकार करने का संकल्प लिया।

# कोलीवाड़ा में माली समाज की प्रतिभाएं सम्मानित

## शिविर में विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम व आसन की दी जानकारी



सुमेरपुर। माली समाज गोडवाड़–मारवाड़ युवा संस्थान सादड़ी एवं महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान कोलीवाड़ा के सयुंक्त तत्वावधान मे शनिवार को शिविर में विद्यार्थियों को स्वदेशी व देशप्रेम की भावना रखकर देश के विकास में भागीदारी निभाते हुए आगे आने को कहा।

शिक्षण संस्थान अध्यक्ष मांगीलाल परिहार ने बताया कि शिविर में परीक्षा में अच्छे अंक लाने के गुर बताए। आरएसएस जोधपुर प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख व राष्ट्र चिंत रामचंद्र रावल ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के आधार है। विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम व स्वदेशी का भाव होना अतिआवश्यक है, तभी देश प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगा। आरएसए पिछले 92 साल से व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में जुटा हुआ है। उन्होंने हर विद्यार्थी को महात्मा फुले, डॉ हेडगेवार समेत महापुरुषों के जीवन चरित्र को पढ़कर अपने जीवन में उतारने का कहा। कार्यक्रम में गिरधारी देवड़ा, शंकर परिहार, गोपाल देवड़ा, भंवर परिहार, नारायण गहलोत, रंजू झा, प्रवीणकुमार, घीसुलाल, जयंतीलाल व महेंद्र गहलोत ने विभिन्न सत्रों में बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### शिविर में व्यवस्थाओं की ली जानकारी

योगाचार्य पूरण चितारा ने विद्यार्थियों को योग, आसन व प्राणायाम करवाए गए। रात्रि में भजन सत्संग संध्या आयोजित की गई। जिसमें कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन रखा गया। संस्कार पोषण सत्र. में आर्ट ऑफ लिविंग की अपूर्वा दीदी ने खेल–खेल में संस्कार व पोषण की जानकारी देते हुए परीक्षा में अच्छे अंक लाने के गुर बताए। शिविर के चौथे दिन माली जाति शिक्षा प्रसारक संघ संरक्षक शंकरलाल गहलोत, गोडवाड़ माली समाज अध्यक्ष कालूराम परिहार व ज्योतिबा फुले जागृति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीबाबा फुले, डॉ अनिता राजपुरोहित व हीरालाल गहलोत ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में व्यवस्था बनाए रखने में ओमप्रकाश परिहार, महेश परिहार, जोधराज देवड़ा, रमेश परमर, महेंद्र देवड़ा, प्रकाश परमार, महेंद्र गहलोत, रतनलाल, किशनलाल देवड़ा, कालूराम गोयल, मोहनलाल, भरत परिहार, भंवर टांक, नरेश तंवर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान दानदाताओं की ओर से विद्यार्थियों में शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया।



### 250 प्रतिभाओं का सम्मान

कोलीवाड़ा स्थित शिक्षण संस्थान में बोर्ड परीक्षा मार्गदर्शन आवासीय शिविर के समापन अवसर पर रविवार को सुबह 11 बजे प्रतिभावान सम्मान समारोह में समाज की 250 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्य सचेतक मदन राठौड़, पूर्व मंत्री सुनील परिहार, रामकिशोर सैनी, प्रमुख शासन सचिव ओ. पी. सैनी, दिनेश गहलोत, शिवलाल गहलोत, मोहनभाई रामी, शंकर परिहार आदि मौजूद रहेंगे।

# समाजोत्थान की सबसे बड़ी सेवा गरीब को शिक्षा - कच्छवाह

पीपाड़ शहर। समाज के उत्थान के लिए सबसे बड़ी सेवा गरीब को शिक्षा प्रदान करने की है। गरीब शिक्षित होगा तो वह समाज पर बोझ बने बिना स्वनिर्भर बनेगा। उक्त विचार पालिका अध्यक्ष महेंद्रसिंह कच्छवाह ने सोमवार को मालियान सब्जी मंडी में आयोजित अभिनव प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सभी मुसीबतों से निजात पाने का उत्तम साधन है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विधि जोधपुर प्रेमचंद सांखला ने कहा कि तकलीफ वह है जो हमें दूसरों की तकलीफ से जोड़े। ऐसी शिक्षा से ही समाज लाभांवित हो सकता है। उन्होंने सरकारी नौकरी में चयन समाज के बंधुओं से नौकरी के साथ–साथ समाज सेवा करने का आह्वान किया। एसोसिएट प्रो. हरिराम परिहार ने कहा कि वर्तमान समय में सभी विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य बनाकर उमंग के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। युवा वैज्ञानिक प्रवीण गहलोत ने प्रतियोगी परीक्षाओं में विफल होने वाले विद्यार्थियों को नए रोजगार उत्पन्न करने की सीख दी। इससे पूर्व उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, महात्म ज्योतिबा फुले, संत लिखमीदास महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्था सचिव दिनेश भाटी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सत्ताराम सोलंकी, अमरसिंह कच्छवाह, परसाराम परिहार ने किया। अभिनव



संस्था अध्यक्ष श्रवण टाक ने आगंतुक सभी मेहमानों, समाज बंधुओं व उपस्थित छात्र–छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**इन्होंने भी किया संबोधित**

एसोसिएट प्रो. भरत देवड़ा, दिनेश गहलोत, बैंक प्रबंधक बी एल माली, माली समाज पुष्कर अध्यक्ष ऊंकाराम कच्छवाह, मालियान सब्जी मंडी अध्यक्ष बिरधाराम कच्छवाह, नागरिक सहकारी बैंक डायरेक्टर प्रभाकर टाक, प्रधानाचार्य रामकिशोर सांखला, माली समाज अध्यक्ष बाबूलाल टाक, छात्रावास अध्यक्ष बाबूलाल सांखला, सीनियर बैंक मैनेजर थानाराम सोलंकी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# परिणय सूत्र में बंधे माली सैनी समाज के 27 जोड़े

## साथ ही बेटी के जन्म पर 11 हजार रु. की एफडी की घोषणा

जयपुर। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान द्वारा माली सैनी समाज का प्रथम सामूहिम विवाह सम्मेलन सोमवार बंसत पंचमी पर संपन्न हुआ। संस्थान के जयपुर शहर जिलाध्यक्ष भवानीशंकर माली ने बताया कि विद्याधर नगर के सेक्टर 3 स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले परिसर में सम्मेलन के दौरान 27 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाला पंवार ने वर–वधुओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं का संकल्प भी दिलाया। साथ ही संस्थान के पदाधिकारियों ने नवदंपतियों के घर बेटी जन्म पर 11 हजार रुपए (एफडी) उपहार स्वरूप देने की घोषणा की। इससे पूर्व गोरक्षनाथ आश्रम, मंदिर मोड़ बस स्टेंड से निकासी हुई। विभिन्न रस्मों के बीच पाणिग्रहण संस्कार हुआ। इसके बाद संस्थान की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,



जिसमें नेताओं जनप्रतिनिधियों हित भामाशाहों का सम्मान किया गया। आशीर्वाद समारोह क बाद शाम 4 बजे विदाई की रस्म हुई।

# दस जोड़ों का नया सफ़र शुरू, एक ही मंडप में सभी रस्में

## श्री नाराण सेवा समिति मंडोर की ओर से चैनपुरा के अमृतलाल स्टेडियम में हुआ आयोजन



जोधपुर। श्री नारयण सेवा समिति मंडोर की ओर से सोमवार को अमृतलाल स्टेडियम में 10 जोड़ों ने नये सफर के लिए पहला कदम रखा। एक ही मण्डप में सभी वैवाहिक रस्में सम्पन्न हुई। इससे पहले दुल्हों की सामूहिक बारात फूलबाग संतोष पैलेस से रवाना हुई। बैंड बाजों के साथ नाचते गाते बाराती आमली बेरा, बड़ा बेरा, गोपी बेरा, भियाली मंडावता से हंसला की पाल होते हुए चैनपुरा स्थित अमृतलाल स्टेडियम पहुंचे। वहां आयोजन समिति के पदाधिकारियों और वधू पक्ष ने बारातियों का स्वागत किया।

समिति के अध्यक्ष मनोहरसिंह सांखला ने बताया कि, सुबह सवा दस बजे गणपति पूजन, कन्याओं की घृतपान, सामूहिक बंदौली व मंगल गीतों का आयोजन किया गया। सवा दो बजे सामूहिक बारात जब विवाह स्थल पहुंची तो समाज के गणमान्य लोगों, समिति के पदाधिकारियों और वधू पक्ष के लोगों ने पुष्प बरसात कर स्वागत किया। साढ़े तीन बजे मिलनी और मनुहार की रस्म हुई। बाद में वैदिक रीति–रिवाज से पंडित सेवाराम आर्य व अन्य पंडितों ने विवाह संपन्न करवाया।

**इनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण रही**

इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत, किशनसिंह देवड़ा, सुनील परिहार, मोतीलाल सांखला, डॉ.रामरतन रामस्नेही, दिनेश गहलोत, हनुमानसिंह गहलोत, प्रेमचंद सांखला कीर्ति कच्छवाह, डॉ. सुरेंन्द्र देवड़ा, नरेन्द्र कच्छवाह, जसवंतसिंह, पृथ्वीसिंह गहलोत, ओमप्रकाश गहलोत, राजेंद्रसिंह गहलोत, हजारीसिंह टाक, उदयसिंह गहलोत, मनमोहनसिंह गहलोत, लक्ष्मणसिंह सांखला, ओमप्रकाश गहलोत, मनोज पंवार, मुकेश सांखला, लक्ष्मणसिंह परिहार, राजेंद्रसिंह गहलोत, जितेन्द्रसिंह गहलोत, रमेश कुमार, सुथार, तारासिंह सांखला , हनुमानसिंह मिस्त्री, अशोक भाटी, सत्यनाराण टाक आदि मौजूद थे।

# सैनी समाज के 13 जोड़ों ने थामा

भरतपुर। सैनी समाज विकास समिति की ओर से प्रथम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन सेवर मथुरा वाईपास गोलपुरा स्थित महात्मा ज्योतिवा फुले छात्रावास में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीग–कुम्हेर विधायक विश्वेंद्र सिंह थे। अध्यक्षता भगवान सिंह सैनी गोवर्धन ने की। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता धर्मेंद्र शर्मा, डीजीएम आरवी सैनी गंधार वैर, डॉ. शैलेश सिंह, सागर सैनी, मेवाराम सैनी, भूपेन्द्र सैनी कामां आदि थे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़े एक दूजे के हुए। बारात की निकासी बैंड बाजों के साथ सेवर मथुरा वाईपास मुरवारा रोड स्थित सैनी रेस्टोरेन्ट से हुई। बारातियों का जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जैसे ही बारात सैनी समाज छात्रावास पहुंची। दुल्हे ने एक साथ तोरण मारे। समाज के लोगों ने बारातियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं महिलाओं ने मंगल गीत गाये इस अवसर पर समिती अध्यक्ष जुगल किशोर सैनी, फुले बिग्रेड, संभागीय अध्यक्ष उदयभान सैनी, फुले बिग्रेड जिलाध्यक्ष मनीष सैनी, सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरूष व बच्चे मौजूद थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि विधायक विश्वैन्दर सिंह समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंनें कहा कि समाज को जब जब मेरी आवश्यकता होगी मै उपस्थित रहूंगा। समाज की एकता में बल है। समाज संगठित होगा तभी विकास हो सकता है। उन्होंनें बालिका शिक्षा पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष जुगल किशोर सैनी ने कहा कि समाज के छात्रावास निर्माण के लिए लोगों ने भामाशाहों ने भरपूर दान किया।समाज के लोगों ने नकद राशि देकर लाभान्वित किया। उन्होंने बताया कि सैनी समाज के छात्रावास का पूर्ण निर्माण हो जाने पर समाज को शिक्षा की ओर अग्रसर किया जायेगा। बालक बालिका छात्रावास का लाभ उठा सकेंगे। छात्रावास में अभी 25 बच्चे अध्ययनरत है।

## उपहार में ये दिया सामान

बेड, अलमारी, एलईडी टी.वी., दिवार घड़ी, सिलाई मशीन, कुर्सी, पीतल की जेगर, रजाई, गद्दा, तकिया, श्रृंगारदानी, कूलर, प्रेस, टेबल, चौकी, पर्स, सूटकेस, पर्स, 21 बर्तन, लड़की को लहंगा फरिया, मंगल सूत्र, पायल, अंगूठी, चुटकी, कांटा सोने का, लड़के को पांच कपड़े, अंगूठी आदि सामान दिया गया।

# माली समाज जोधपुर के चुनाव सम्पन्न

## पुखराज साँखला नए अध्यक्ष के रुप में निर्वाचित



जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर के चुनाव (2018 से 2023) जो 21 जनवरी 2018 को प्रातः आठ बजे से सांय चार बजे तक श्री सुमेर उच्च माध्यमिक विद्यालय, महामन्दिर में सम्पन्न हुए। शाम को सात बजे मतगणना प्रारम्भ की गई जो देर रात तक चली एवं रात्रि डेढ़ बजे चुनाव परिणाम घोषित किए गए। श्री पुखराज जी साँखला अध्यक्ष व अन्य छः पदाधिकरी निर्वाचित घोषित किए गए। सभी निर्वाचितों को मध्य रात्रि में निर्वाचन प्रमाण पत्र जारी किए। दिनांक 27 जनवरी को माली संस्थान, जोधपुर के कार्यालय में सभी सात पदाधिकारियों ने दोपहर डेढ़ बजे पद व गोपनीयता की शपथ ली तथा श्री पुखराज जी साँखला ने अपने उद्‌बोधन में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास करने की बात कही।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति रही जिसमें पूर्व महापौर ओमकुमारी , सुनिल परिहार पुर्व राजसीको व माली संस्थान अध्यक्ष, बाबूलाल पंवार अध्यक्ष जोधपुर भवन धर्मशाला, नरेन्द्र कच्छवाहा पूर्व अध्यक्ष भाजपा, मदनलाल साँखला पूर्व सरपंच, गणपतसिंह भाटी पूर्व पार्षद के अलावा समाज के दूरस्थ जगहों से आये प्रतिनिधी व सभी पदाधिकारियों के परिवार जन भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह भाटी मुख्य चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी श्रीमती तारा जी कच्छवाहा व श्रीमती स्नेहलता जी गहलोत एवं अन्य चुनाव सहयोगियों सफल एवं सुचारु आयोजन के लिए सभी का हार्दिक आभार प्रकट किया। माली सैनी संदेश परिवार सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित करता है।

# युवाओं से पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों का किया आह्वान

सांचौर। नगर में स्थित माली समाज छात्रावास में गुरुवार को माली युवा संगठन के तत्वावधान में माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं शिक्षा जागृति सम्मेलन का आयोजन मोहनराम महाराज मुनि आश्रम के सानिध्य, सुनील परिहार पूर्व चेयरमैन राजसिको के मुख्य आतिथ्य, भूपाराम परिहर वरिष्ठ संरक्षक माली समाज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील परिहार ने कहा कि समाज के विकास का मापदंड प्रतिभाओं से ही आंका जाता है, जे समाज शिक्षित होगा, उस समाज का उतना ही विकास होगा। उन्होंने कहा शिक्षा के बिना समाज का विकास असंभव है। जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक मुकेश सोलंकी ने कहा कि जिस समाज में प्रतिभाओं का सम्मान होगा वह समाज उन्नति और विकास करेगा। डीसा नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण भाई ने कहा प्रशासनिक स्तर भी समाज का प्रतिनिधत्व जरूरी है। इसके लिए युवाओं को पढ़ाई के साथ सिविल सेवा परीक्षाओं की ओर भी ध्यान देना होगा। भूपाराम परिहार ने कहा कि समाज के विकास के लिए जितनी शिक्षा जरूरी है उतना राजनीतिक क्षेत्र में भी वर्चस्व होना जरुरी है। इस दौरान जालोर नागरिक बैंक चेयरमैन नितिन सोलंकी, भीनमाल माली समाज अध्यक्ष भारथाराम सुंदेशा, जालोर बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमेश सोलंकी, कृषि मंडी डायरेक्टर अमराराम माली सहित समाज के वक्ताओं ने संबोधित किया। नेशनल हाईवे स्थित माली समाज छात्रावास में प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान मेले जैसा माहौल रहा जिसमं जिलेभर से समाज की महिला, पुरुष प्रतिभाओं ने शिरकत की। इस अवसर पर रॉबिन गहलोत, पुखराम गहलोत, खेताराम टांक, मोहनलाल गहलोत, पीराराम परमार, गोविन्द परमार, भुपाराम परमार, गोरखाराम गहलोत, लक्ष्मण परमार, जयंती माली, प्रकाश माली सिलोसन, छगनलाल माली हरियाली, मानाराम सहित बड़ी संख्या में समाज की गणमान्य नागरिक व प्रतिभाएं मौजूद रही। माली युवा संगठन की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में माली समाज की 460 प्रतिभाएं सम्मानित हुई। जिसमें बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया।

# महिला सशक्तिकरण स्वावलम्बन पत्र

## शिक्षा में ही छुपा हुआ महिला सशक्तिकरण का रहस्य - अंजू सैनी

टोंक। सैनी वर्ल्ड इँकोनोमिक फोरम की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अंजू सैनी श्रीगंगानगर ने महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक ओर कानूनी मद्दों पर संवेदनशीलता ओर सरोकार पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा में ही महिला सशक्तिकरण का रहस्य छुपा हुआ है। जिलाध्यक्ष अंजू सैनी श्रीगंगानगर शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग–12 स्थित होटल लक्ष्मी विलास में चल रहे सैनी वर्ल्डइँकोनोमिक फोरम के तीन दिवसीय प्रान्तीय कार्यकार्ता प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन आयोजित महिला सशक्तिकरण स्वावलम्बन सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये कई विद्यालयों की स्थापना की, उस दौरानल समाज में व्याप्त सामाजिक बुराईयों, अंधविश्वास व रूढ़ीवादिता के कारण उन्हें कई कठिन परिस्थितियों का भी सामाना करना पड़ा। श्रीमती अंजू ने कहा कि देश में महिला को सशक्त बनाने के लिये सबसे पहले समाज में अनेक अधिकार ओर मूल्यों को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरूरी है, जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या असमानता, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा आदि जिसके कारण देश ओर समाज विकास ओर उन्नति में अपनी गति नहीं पकड़ पा रहा है।

आगे बताया कि समाज को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को शिक्षित कर कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम का संकल्प लेते हुए समाज को विकास के पथ पर अग्रसर करना है। टोंक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता सैनी ने कहा कि महिला ओर पुरूष गाडी के दो पहियों की तरह है जैसे गाड़ी एक पहिये से नहीं चल सकती ऐसे ही समाज भी महिलाओं की भागादारी के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। जिस तरह से एक पुरूष की तरक्की के पीछे एक महिला का हाथ होात उसी तरह महिलाओं को सामाजिक, शिक्षा, आर्थिक ओर राजनीतिक क्षेत्र में आगे लाने में पुरूषों के योगदान को भी नहीं नकारा जा सकता।




इसका जीता–जागता उदाहरण महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले है, जिन्होने उस काल की कठिन परिस्थितियों में भी माता सावित्री बाई फूले को शिक्षित कर समाजसेवा के लिए प्रेरित किया, आगे चलकर माता सावित्री बाई फूले ने अपने पति के मार्गदर्शन में समाज सुधार के लिए महिलाओं को शिक्षा के लिये जागरूक किया तथा समाज में महिलाओं के प्रति व्र्याप्त अनेक रूढ़ीवादी प्रथा व सामाजिक बुराईयों के खिलाफ आवाज उठाई। आज उन्ही के बदौलत से महिलाएं शिक्षा, राजनीतिक, प्रशासनिक व अन्य देशों में बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए देश सेवा में अपना योगदान दे रही है।

सत्र में श्रीमती सरोज सैनी, श्रीमती सुमन सैनी चूरू, श्रीमती माया टैंकर, जयंति सैनी जयपुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात् आयोजित खुला सत्र में कार्यक्रम में पहुंचे समाज के लोगों ने अपने–अपने व्यवसाय गतिविधियों पर विचार विमर्श किया, इस दौरान सैनी वर्ल्ड इँकोनोमिक फोरम के संस्थापक सुभाष सैनी ने कहा कि सैनी समाज के लोग को कैसे सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके पर अपने विचार व्यक्त किये। संगठन के कार्यकारी प्रान्तीय अध्यक्ष भंवरलाल सैनी ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुये उससे मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

प्रदेश महामंत्री पत्रकार बाबूलाल सैनी लक्ष्मणगढ़ सीकार ने संगठन के विस्तार करने व मजबूत बनाने के साथ–साथ सगंठन की अब तक की गतिविधियों व भावी कार्ययोजना की रूप रेखा के बारे में विस्तृत बताया। कार्यक्रम प्रभारी कमलेश सिसोदिया ने शिविरार्थियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। एडवोकेट दीयाकर सैनी, एड. संजीव सैनी, महावीन सुमन, पांचूलाल सैनी, रमेश चन्द सैनी रहमानदिया, राजेन्द्र उर्फबबलू टैंकर, अचलेश सैनी, राहुल सैनी, कमलेश सैनी पत्रकार, नरेन्द्र सैनी, दुर्गादत्त सैनी श्रीगंगानगर, शीशराम सैनी, ओमप्रकाश तंवर, नरेश सैनी

पंजाब, रामस्वरूप सैनी, विजेन्द्र सैनी, चन्द्र मोहन सैनी चुरू आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम संस्थापक सुभाष सैनी ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं द्वारा माता सावित्री बाई फुले के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्पाजंली अर्पित करवाकर शिविर के दूसरे दिन आयोजित महिला सशक्तिकरण स्वावलम्बन सत्र कार्यक्रम की शुरूआत कीं।

जिसमें महिलाओं को मंच पर संचालन करने सहित अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सम्पत कुमार माली, तेजमल सैनी, शिवराज सैनी, नारायण रानी देवी, मोनिका लाल क छावा, सीमा सैनी, कमलेश डाबला, धनराज, मांगीलाल माली, राकेश, भवानी शंकर, कालूराम, गणेश सैनी, विजय सैनी, सुनील सैनी, रामवअतार टाक, रामप्रसाद बागड़ी, मुलचंद सैनी, नवरत्न सैनी, रतन लाल, दिलावर, सुनील सैनी, महेन्द्र सैनी, शंकर लाल अध्यापक, शंकर सहित जयपुर, झालावाड़, कोटा, अजमेर, जालौर, झुन्झनू आदि जिलों से सैनी समाज के महिला–पुरूष मौजूद रहे।

# गौरवान्वित रहा माली समाज का इतिहास











टोंक। सैनी वर्ल्ड इॅकोनोमिक फोरम का तीन दिवसीय प्रान्तीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 12 स्थित एक निजी होटल हुआ। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र का शुभारम्भ महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर व माल्यापर्ण कर किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए संगठन के कार्यकर्ताओं का परिचय हुआ ओर इसके पश्चात कार्यक्रम के उद्देश्य एवं स्वरूप, समाज का गौरवमय इतिहास के बारे में संस्थापक सुभाष सैनी ने विस्तार से जानकारी देते हुऐ कहा कि माली समाज का गोरवान्वित इतिहास रहा है, समाज में संत महात्मा गौत्तम बुद्ध, संत सांवता माली, संत लिखमीदास, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रि बाई फुले, सम्राट महाराजा शूरसैनी, चन्द्रगुप्ता मोर्य, अशोक सम्राट, जैसे महापुरूषों ने जन्म लिया है। संगठक के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष भंवरलाल माली ने कहा कि माली समाज वट वृक्ष की तरह है जिसकी सैकड़ों शाखाएं फेली है जैसे फूल माली, कुशवाहा, रेड्डी, मोर्य, सुमन, धीवर, भोई आदि है।

# ग्रेट सत्यम् एकेडमी में अनफॉरगेटेबल ग्लोबल प्रदर्शनी का आयोजन



जोधपुर। बापू नगर, माता का थान स्थित विद्यालय ग्रेट सत्यम् एकेडमी में दिनाँक 27–01–2018 को "अनफोरगेटेबल ग्लोबल" प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस भव्य प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि श्री बंशीधर गुर्जर, अध्यक्ष श्री हनुमान साय और विशिष्ट अतिथि श्री प्रेमचंद सांखला, श्री अशोक विश्नोई, श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा, श्री सुभाष गहलोत, श्री किशोरसिंह गहलोत, डॉ. एस.एस. टाक, इन सभी मान्यवर अतिथियों का स्वागत श्री किशन गोपाल जोशी व श्री ब्रह्मसिंह जी गहलोत द्वारा किया गया। D.D. DEO तथा जनता की बेहद माँग पर इस भव्य प्रदर्शनी का आयोजन सोमवार तक किया गया। प्रदर्शनी का आयोजन दो दिवसीय से तीन दिवसीय किया गया। इस भव्य प्रदर्शनी का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास करना है। हमारा विद्यालय भागदौड़ भरी जिंदगी में विद्यार्थियों को सु–संस्कारों के साथ–साथ सामाजिक पौराणिक, ऐतिहासिक, राजनैतिक सांस्कृतिक, वैज्ञानिक व सामयिक विषयों की ज्ञानोपयोगी शिक्षा दे रहा है। जनता द्वारा प्रदर्शनी देखने पर उन्होंने अपने शब्दों में बयान किया कि उनके द्वारा ऐसी मनोरंजक व शैक्षणिक प्रदर्शनी राजस्थान में आज तक कहीं भी नहीं देखी गई है। अभिभावकों द्वारा इस प्रदर्शनी को देखकर अपने बहुत ही अच्छे–अच्छे विचार दिये उनका यही कहना था कि आज उनके द्वारा इतनी भव्य, सुसंस्कारों से सजी, आधुनिकता लिये, पौराणिकता को दर्शाने वाली नये विचारों को लिये, ऐतिहासिकता को बताती और वैज्ञानिकता को दर्शाने वाली प्रदर्शनी को देखकर उनका मन मुग्ध हो गया। इस भव्य प्रदर्शनी में करीब 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों को प्रस्तुत किया गया तथा उनकी जीवंत झांकी प्रस्तुत की गई। इस प्रदर्शनी में रामायणकाल, राजस्थानी संस्कृति, भारतीय सामाजिक व सांस्कृतिक व्यवस्था, अमरनाथ दर्शन, राजनैतिक, वैश्विक संस्कृति वैज्ञानिक व हॉरर का बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे कि इसके द्वारा जीवन का प्रत्येक पहलू हमारे सामने जीवंत प्रस्तुत हो रहा हो। विद्यार्थियों ने अपने उम्दा अभिनय व प्रदर्शन द्वारा सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। ऐसी भव्य प्रदर्शनी का आयोजन करके हमारे विद्यालय ने शैक्षणिक क्षेत्र के साथ–साथ मनोरंजन क्षेत्र में भी सबका मन मोह लिया। विद्यालय की डारेक्टर अल्का कच्छवाह द्वारा यह बताया गया कि उस "अनफोरगेटेबल ग्लोबल" प्रदर्शनी में 15,000 लोगों ने अपनी उपस्थिती देकर उस प्रदर्शनी को और भव्य कर दिया। हमारा विद्यालय समय–समय ऐसे कार्यक्रम व प्रर्दशनी का आयोजन करके विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ–साथ पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक व वैज्ञानिक विकास करता रहेगा।



बाल विवाह अभिशाप है इस प्रदर्शनी सराहनीय व आर्कषण केन्द्र बनीं।

# गीता भवन में श्री कृष्ण स्वाध्याय केन्द्र के नाम से होगी शुरू

## हाइटेक लाइब्रेरी का शिलान्यास

जोधपुर। शहर की पहली हाईटेक बहुउद्देश्यीय लाइब्रेरी का गुरुवार को एक समारोह में शिलान्यास हुआ। राजस्थान दिव्यांग सेवा समिति व श्री गीता प्रचार मंडल के तत्वावधान में स्थापित होने वाली इस लाइब्रेरी का निर्माण शिलान्यास के साथ ही प्रारंभ हो गया।

राजस्थान दिव्यांग सेवा समिति के अध्यक्ष निर्मल गहलोत ने बताया कि इस श्री कृष्ण स्वाध्याय केंद्र के नाम से स्थापित होने वाली लाइब्रेरी पूरी तरह से अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी। इस लाइब्रेरी के लिए गीता प्रचार मंडल ने अपने परिसर में जगह उपलब्ध करवाई है। शिलान्यास समारोह में श्री गीता प्रचार मंडल के अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघ चालक ललित शर्मा, समाजसेवी ओमप्रकाश गहलोत ने पं. राजेश दवे के मंत्रोच्चार के साथ सपत्नीक पूजन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर, संग्राम काला, आर्किटेक्ट अनु मृदुल, डॉ. अरविंद जोशी, तरुण गहलोत, जुगलकिशोर सोलंकी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**एक साथ 200 विद्यार्थी कर सकेंगे अध्ययन**

भवन निर्माण समिति के संयोजक सुधांशु टाक ने बताया कि करीब आठ हजार वर्ग फीट में बनने वाली इस लाइब्रेरी में 200 विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। यह लाइब्रेरी ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सैप्ट पर होगी। लाइब्रेरी निर्माण की छत सोलर पैनल से ढकी होगी। जिससे बिजली की खपत कम से कम होगी। लाइब्रेरी में आने वालों के लिए 200 कम्प्युटर की ई. लाईब्रेरी, मीटींग रूम, विडियो कॉन्फ्रेसिंग रूम व कैफेटेरिया सहित अन्य हाईटेक सुविधाएं भी उपलब्ध होगी।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 41 जोड़े बने हमसफ़र

## सुरसुरा में आयोजित हुए समारोह में हजारों समाजबंधु शामिल, पायलट समेत कई जनप्रतिनिधि भी आए

रूपनगढ़। समीपवर्ती ग्राम सुरसुरा में सोमवार को माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्ष प्रेमचंद उबाना ने बताया कि सकल किशनगढ़ क्षेत्र माली समाज की आरे से आयोजित इस आठवें विवाह सम्मेलन में 41 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे। इसमें हजारों समाज बंधुओं ने भाग लिया। सम्मेलन में राज्य के कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने भी भाग लिया और कहा कि ऐसे समारोह सामाजिक बदलाव के संकेत हैं। ऐसे सामूहिक विवाह आयोजनों से फिजूलखर्ची पर रोक लगती है व सामाजिक समरसता बढ़ती है। इस सम्मेलन में कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी व भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह ने भी शिरकत की। समाज के 41 जोड़ों का श्री वीर तेजा विकास समिति की धर्मशाला के मैदान पर विवाह संस्कार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर फेरे, तोरण, और निकासी व बारात स्वागत जैसे आयोजन सभी समाज बन्धुओं ने सम्पन्न किया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में तेजा विकास समिति अध्यक्ष उगमाराम जाजड़ा, किशनगढ़ विधायक भागीरथ चौधरी, पीसीसी सदस्य राजू गुप्ता, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, पूर्व प्रधान नंदाराम थाकण, रूपनगढ़ उप सरपंच हाजी



इकबाल छीपा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह राठौड़, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नंदाराम थाकण, युवा कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व उपप्रधान श्रवण गुर्जर, डीसीसी सचिव जीवणराम भाकर, कोटड़ी कांग्रेस अध्यक्ष भंवर लाल बिजारणियां, राजेन्द्र पारीक, कैलाश माटोलिया, रामदयाल बोहरा, हरदेव गुर्जर सुरसुरा, संतोष माटोलिया, गोपाल प्रजापत, मुकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# बाल विवाह रोकथाम पर सांस्कृतिक एवं जन-जागृति कार्यक्रम आयोजित

जोधपुर। बाल–विवाह रोकथाम को लेकर जागृति कार्यक्रम देश में बालिकाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण को लेकर पूरे राष्ट्र में जागृति देखने को मिल रही है इसी कड़ी में नागौरी गेट स्थित हमारा बचपन विकास एवं सेवा संस्थान द्वारा स्थानीय सूचना केन्द्र में प्रातः 11 बजे बाल विवाह रोकथाम पर सांस्कृतिक एवं जन–जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के संस्थापक मंगलसिंह ने बताया कि संस्थान के द्वारा पिछले 10 वर्षों से गरीब, अनाथ व वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं संस्कार के साथ संस्कृहित से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

इस आयोजन में बाल–विवाह को लेकर लम्बे समय से संघर्षरत सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग डायरेक्टर कृति भारती ने कहा कि हमारी संस्कृति व शास्त्रों के अनुसार बालिकाओं का पूजन होता रहा है लेकिन आज के युग में बालिकाओं को शिक्षित सशक्तिकरण के साथ ही अपना जीवन जिये जाने के अधिकार को दिये जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारे जोधपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्रीमान् राजेन्द्रसिंह सोलंकी ने अपने उद्‌बोधन में संस्थान में संस्थान के कार्यों की प्रशंसा करते हुए गरीब व वंचित वर्ग के लोगों को अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से पढ़ाये जाने के कार्यों में सहयोग का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कृषि मण्डी चेयरमेन कीतिसिंह जी भील भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महेन्द्र तंवर, जगदीश जी माथुर, दिनेश जी जांगू, कंचन जी चारण, सुमित्रा जी गहलोत, कमल जोशी, प्रेमदास वैष्णव, कुदंनसिंह भाटी, राकेश जी परिहार, अरविन्द जी गहलोत, राजेश गहलोत, रोहित टाक, गोविन्द सहाय शुक्ला ने भी संस्थान के कार्यों की सराहना की और अपने विचार व्यक्त किये।

संस्थान के संस्थापक मंगलसिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। जरूरतमंद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं सामाजिक रंगारंग कार्यक्रमों की सभी गणमान्य नागरिकों ने सराहनीय बताने हुए हर सम्भव सहयोग करने का विश्वास दिलाया।

# सावित्री बाई फुले जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित



भीलवाड़ा 3 जनवरी। महात्मा ज्योतिबा फूले और सावित्री बाई फूले ने तत्कालीन सामाजिक अस्पर्श्यता का गौर विरोध करते हुए अनगिनत यातना व अत्याचारों को सहन कर गुलाम भारत में महिला शिक्षा की नींव रखी थी। सावित्री बाई फूले देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनने का गौरव भी रखती है। इसलिए फूले दम्पत्ति को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से नवाजकर पिछड़ा व दलित वर्ग का सम्मान करना चाहिए। यह विचार फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाल लाल माली ने व्यक्त किये। वे यहां पर देवरिया बालाजी के समीप महात्मा ज्योतिबा फूले प्रतिमा प्रांगण में आयोजित सावित्री बाई फूले जयंती पर व्याख्यान माला की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने यह भी कहा कि सावित्री बाई फूले देश की पहली महिला अध्यापिका व नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता थी। लेकिन एक ऐसी महिला जिन्होंने उन्नीसवीं सदी में छुआ–छूत, सतीप्रथा, बाल–विवाह, तथा विधवा–विवाह निषेध जैसी कुरीतियों के विरूद्ध अपने पति महात्मा ज्योतिबा फूले के साथ मिलकर काम किया पर उसे आज हिंदुस्तान ने भुला दिया। ऐसी महिला को हमारा शत–२ नमन।

व्याख्यान माला में अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त करते हुए सावित्री बाई फूले के कार्यों से महिलाओं को प्रेरणा लेकर निरन्तर अपनी शिक्षा ज्ञान से छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहन कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए व सावित्री बाई फूले की शिक्षाओं को जीवन में उतार कर एवं उन पर अमल करने पर जोर दिया तथा शिक्षा क्षेत्र में हालही हो रहे आमूलचूल परिवर्तनों को भी अपनाने की बात कही।

इससे पूर्व देवरिया बालाजी मंदिर के पास महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति प्रांगण में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की 188वीं जयंती पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पितकर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर माली समाज के अध्यक्ष बंशीलाल माली, फूले सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष शकर लाल गोयल, हरनारायण माली, यूनेस्को के अध्यक्ष अरविन्द कुमार चौधरी, कन्हैयालाल माली, देबीलाल रागस्या, सम्पत बुलिवाल, सत्यनारायण माली, श्रीमती सुनिता शर्मा, भगत प्रजापत, मूलचंद छुलिवाल, मोहन बुलिवाल, लक्ष्मण सरिवाल, संतोष चंदेल, दिनेश जैन, संपत सोपरिया, योगेश गहलोत, चौथमल रागस्या, गणपत लाल माली, बंशीलाल पारस, कैलाश भभीवाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। **आप हमें Paytm से मोबाइल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज सकते है।**

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु.।400/-** | **पांच वर्ष रु.।900/-** | **आजीवन रु.।3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन।/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखें : - प्रसार प्रभारी

माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं।9, जोधपुर

3, जवरी भवन, भैरुबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

## RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, **9828247868**

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरपुरा, जोधपुर**

# जयपुर में आयोजित सामूहिक विवाह की झलकियाँ




# राजस्थान के विभिन्न जिलों में आयोजित सावित्री बाई फूले जयंति की झलकियाँ








# भीनमाल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियाँ




Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

With Best Compliments From :

Bhim S. Saini (Jagdish)
Uma Saini
Rahul Saini
Mohit Saini

Devlok®

A Group of

Kailash Saini & Son's

Textile & Fashion Studio
Manufacturing of Silk Saree

Devlok

Devlok Silk

Devlok Designer Studio

34-B, Gem Park Behind Stadium
Sanganer, Jaipur (Raj.)
www.devloksilk.com
e-mail : devlok_saree@yahoo.co.in
Cell : +91 93145 15992, 77377 46755, 99825 40005

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR